# दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड

## प्रशासनिक अधिकारी (विशेषज्ञ) (स्केल-I) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

चरण-II

अध्ययन का विषय : **कंपनी सचिव, विधि, वित्त एवं लेखा**

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं । आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

लागिंग इन, बुलावापत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 4 घंटे रहना पड़ सकता है ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प और वर्णनात्मक प्रश्नावलियां होंगी :

**बहुविकल्प परीक्षा :**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्कशक्ति | 40 | 40 | कुल मिलाकर समय 120 मिनट |
| 2. | अंग्रेजी भाषा | 40 | 40 | |
| 3. | सामान्य सचेतता | 40 | 40 | |
| 4. | संख्यात्मक अभियोग्यता | 40 | 40 | |
| 5. | व्यावसायिक ज्ञान | 40 | 40 | |
| | **कुल** | **200** | **200** | |

अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दु सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल अंकों पर

उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षण मूल्यांकन/साक्षात्कार के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रत्येक खंड मे न्यूनतम स्कोर प्राप्त करने होंगे ।

वस्तुनिष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के ही वर्णनात्मक उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन किया जायेगा ।
रिक्तियों के अनुसार वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के अंक तय किये जाएंगे ।
साक्षात्कार के अर्हता के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम कुल स्कोर प्राप्त करना होगा (जो की कंपनी तय करेगी) और वर्णनात्मक परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना होगा ।

**वर्णनात्मक परीक्षा :**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पत्र लेखन | प्र. 1. पत्र (विकल्पों में से एक) | 10 | 30 मिनट |
| 2. | निबंध लेखन | प्र. 2. निबंध (विकल्पों में से एक) | 20 | |

वर्णात्मक परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 15/30 हैं (अ.जा/अ.ज.जा/पीडब्ल्यूबीडी के लिए 13.5 हैं)

**उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षा उत्तीर्ण करनी अनिवार्य है परंतु वर्णनात्मक परीक्षा के अंक साक्षात्कार की शार्टलिस्टिंग या अंतिम चयन के लिए नहीं जोड़े जाएंगे.**

**वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के परदे पर प्रदर्शित होंगे । प्रश्न कुंजी पटल का प्रयोग करके टंकित करना है । वर्णनात्मक पत्र में प्रश्नों का उत्तर टंकित करना शुरू करने से पहले कृपया कुंजी पटल की सभी कुंजी के कार्य की जांच करलें प्रश्न का उत्तर देने के लिये आपको 30 मिनट मिलेंगे ।**
**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**
नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

## तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1-3.** नीचे दी गई जानकारी पढ़कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?
एक प्रसिध्द नाटककार के छह नाटक A, B, C, D, E और F सोमवार से शनिवार तक हर दिन एक खेला जाएगा । नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित के अनुसार होगा ।
(1) जिस दिन E खेला जाए, A उससे पूर्ववर्ती दिन को खेला जाना चाहिए
(2) C मंगलवार को नहीं खेला जाना चाहिए
(3) B उस दिन होना चाहिए जो F के मंथन के बाद वाला दिन हो
(4) D केवल शुक्रवार को खेला जाना चाहिए और उसीसे तुरंत पहले B नहीं खेला जाना चाहिए
(5) E कार्यक्रम के अंतिम दिन नहीं खेला जाना चाहिए

**प्र.1.** सोमवार से खेले जाने के क्रम में नाटकों का कार्यक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(1) E A B F D C (2) A F B E D C (3) A F B C D E
(4) F A B E D C (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** नाटक C मंगलवार के अतिरिक्त निश्चित रुप से निम्नलिखित में से किस दिन नहीं खेला जा सकता है ?
(1) सोमवार (2) बुधवार (3) गुरुवार (4) शुक्रवार (5) शनिवार

**प्र.3.** नाटक D नाटकों के निम्नलिखित में से किस जोड़े के बीच है ?
(1) C एवं E (2) E एवं F (3) A एवं E (4) B एवं E (5) C एवं F

**प्र.4.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.5.** यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

इस परीक्षा का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी ।

**Q.1.** Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error. (5)

**Q.2.** Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

Continuous unemployment has induced in the people a kind of _____ which is most depressing.

(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

**Q.3-5.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true source of rights is duty. If we all (3) our duties, rights will not be (4) to seek. If leaving duties unperformed we run (5) rights, they will escape us like an elusive person.

**Q.3.** (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

**Q.4.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.5.** (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

## सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** आर. के लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?

(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन
(4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** प्रत्येक ——— में हमारे देश में "कुंभ-मेला" आयेजित होता है ।

(1) 6 वर्ष (2) 10 वर्ष (3) 12 वर्ष (4) 14 वर्ष (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का वित्तमंत्री है ?

(1) श्री अरुण जेटली (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्री पी. चिदंबरम
(4) श्री अमित शाह (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) Indian (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70
(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?
(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## व्यावसायिक ज्ञान

## कंपनी सचिव

**प्र.1.** डिबेंचरों पर प्रदत्त ब्याज से काटा गया आय कर कहाँ दिखाया जाता है ?
(1) तुलनपत्र की अस्तियों वाली तरफ (2) तुलनपत्र की देयताओं वाली तरफ
(3) लाभहानि लेखे के जमा के तरफ (4) लाभहानि लेखे के नामें के तरफ
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** सेवा कर किस के द्वारा प्रशासित किया जाता है ?

(1) आयकर विभाग (2) सीमा शुल्क विभाग (3) उत्पादन शुल्क विभाग
(4) वित्त विभाग (5) बैंकिंग विभाग

## विधि

**प्र.1.** तुलनपत्र और लाभ एवं हानि लेखा को कंपनी की वार्षिक आम बैठक के समक्ष प्रस्तुत कर देने के बाद वार्षिक आम बैठक के ______ दिन के भीतर इन्हें कंपनी रजिस्ट्रार के यहां जमा करना होता है ।

(1) 60 (2) 45 (3) 30 (4) 20 (5) 15

## वित्त एवं लेखा

**प्र.1.** मूर्त निवल सम्पत्ति क्या होती है ?

(1) शेयर पूंजी + आरक्षित निधि (2) कुल चालू आस्तियां
(3) अचल अस्तियां - मूल्यहास (4) निवल सम्पत्ति - मूर्त अस्तिंया
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** आस्थगित राजस्व व्यय की संकल्पना, निम्नलिखित में से किस लेखा संकल्पना से करीब से संबद्ध है ?

(1) उपचय (2) लाभकारी कारबारवाला संस्थान (3) मैचिंग कान्सेप्ट
(4) कन्जरवेशन (5) कन्सिस्टेन्सी

**प्र.3.** 'सभी खर्च नामे करना और सारी आय जमा करना' ______ हेतु लागू होता है ।

(1) वैयक्तिक खाते (2) वास्तविक खाते (3) अवास्तविक खाते
(4) नकदी खाते (5) जर्नल खाते

**प्र.4.** निम्न में से कौनसी एक चालू आस्ति है ?

(1) मशीनरी (2) भूमि (3) बैंक में नकदी (4) बिल्डिंग (5) दीर्घावधि निवेश

**प्र.5.** ट्रायल बैलेन्स में निम्न में से कौनसी त्रुटि प्रकट नहीं होगी ?

(1) गलत राशि लिखने (2) पूर्ण लोप संबंधी गलती
(3) किसी खाते में दो बार राशि लिखने (4) किसी खाते के गलत पक्ष में लिखने
(5) किसी खाते में तीन बार राशि लिखने

## वर्णात्मक परीक्षा

**प्र.1.** Write a letter on any **ONE** of the following

- Write a letter to your younger brother explaining him how Insurance Sector has changed in the last decade in India.
- Write a letter to the Branch Manager of your Insurance company sharing a good experience of customer service in settling a claim (Based on year experience or reading).

**प्र.2.** Write an essay on any **ONE** of the following topics

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.

**<u>अन्य सुचनाएं</u> :**

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) 'Start' विकल्प पर क्लिक करने से पहले अभ्यर्थी स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों को पढ़ सकते हैं ।

(3) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(4) 'Start' बटन दबाए जाने पर ही वस्तुनिष्ठ परीक्षा का वास्तविक परीक्षा समय आरंभ होगा । वस्तुनिष्ठ परीक्षा समाप्त होते ही, वर्णनात्मक परीक्षा का वास्तविक परीक्षा समय तुरंत आरंभ हो जाएगा ।

(5) एक समय पर एक ही प्रश्न स्क्रीन पर दिखाया जाएगा ।

(6) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा।**

(7) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपर दाएँ कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(8) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है।

5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिन्हित है , उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

(9) पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(10) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दाएँ प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(11) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(12) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(13) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए ।

(14) चुना गया उत्तर डि-सेलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(15) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(16) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सेलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(17) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद** 'सेव' **या** 'रिव्यू' **के लिए** 'मार्क' **किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे ।**

(18) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(19) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(20) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(21) आपकी सुविधानुसार परीक्षा के दौरान आप कभी भी सेक्शनों और प्रश्नों के बीच शफल कर सकते हैं ।

(22) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार कंपनी द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(23) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(24) परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) की समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(25) वस्तुनिष्ठ परीक्षा हो जाने के बाद आप कागज के इस पन्ने को वर्णनात्मक परीक्षा के लिए भी रखे । कच्चा काम करने के लिए आपको जो कागज का पन्ना दिया गया है उसे वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक दोनों परीक्षाएं हो जाने के बाद, परीक्षा परिसर छोड़ कर जाने से पहले, परीक्षा प्रशासक को अवश्य लौटा दें ।

(26) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** 'फाइनली सबमिट' **करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ब) सामान्य निर्देश :**

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और कंपनी प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(7) बायोमीट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा -परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद । बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन अधिकारी का इसकी स्थिति (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) के बारे में निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर सहभागी होने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ कंपनी उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(9) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(10) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परीवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे कंपनी की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलों का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) मूल प्रति बुलावा पत्र जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड जैसे कि ऊपर 6 बिंदु में निर्धारित किया गया है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

**आपको शुभकामनाएं**